क्षेत्रीय समाचार
आकाशवाणीः देहरादून
मंगलवार– 03.10.2023
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने देहरादून में राष्ट्रीय एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय– सांस्कृतिक, साहित्यिक और कला उत्सव का शुभारंभ किया।
- प्रदेश के कारागारों में श्रम नियोजित बन्दियों की न्यूनतम मजदूरी दरों को बढ़ाया गया।
- देहरादून में 28 नवंबर से एक दिसंबर तक वैश्विक आपदा प्रबन्धन सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।
- केदारनाथ धाम में श्रद्धालुओं के लिए दर्शन का समय बढ़ा कर रात 11 बजे तक कर दिया गया है।

साहित्यिक और कला उत्सव – 2023

राष्ट्रीय एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय सांस्कृतिक, साहित्यिक और कला उत्सव– 2023 आज से देहरादून में शुरू हो गया है। महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि ऐसे आयोजन आदिवासी छात्रों को नया मंच उपलब्ध कराते हैं। आदिवासी छात्रों के उत्थान पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार, देश के शोषित समाज के लिए विभिन्न योजनांए चला रही है। गौरतलब है कि इस चार दिवसीय कार्यक्रम में देश भर से 15 सौ से अधिक एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय के छात्र भाग ले रहे हैं। इस दौरान बच्चे कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

मंजूरी

प्रदेश के कारागारों में श्रम नियोजित बन्दियों के न्यूनतम मजदूरी दरों को बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। कुशल मजदूरी के लिए दैनिक पारिश्रमिक 67 रुपये से बढ़ाकर 85 रुपये, अर्द्धकुशल के लिए 52 रुपये से बढ़ाकर 65 रुपये और अकुशल के लिए 44 रुपये से बढ़ाकर 55 रुपए करने को मंजूरी दी गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई जेल विकास बोर्ड की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कारागारों में बन्दियों के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए रिक्त 11 चिकित्सकों के पदों की उपलब्धता के लिए कैबिनेट में प्रस्ताव लाने के निर्देश दिए। उन्होंने राज्य के सभी कारागारों में बेकरी यूनिट की स्थापना करने को भी कहा।

सेब बागवानी

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने सेब बागवानी के लिए 25 किसानों के दल को तीन दिवसीय प्रशिक्षण के लिए देहरादून से हरी झण्डी दिखाकर हिमाचल प्रदेश के सोलन के लिए रवाना किया। इस मौके पर श्री जोशी ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान किसान सेब उत्पादन से जुड़ी जानकारियां प्राप्त करेंगे, जिससे वे स्वयं लाभान्वित होने के साथ ही अन्य किसानों को भी सेब उत्पादन की जानकारी देंगे। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण से राज्य में सेब उत्पादन और उत्पादकता में गुणात्मक वृद्धि होगी और किसानों की आय बढेगी। कृषि मंत्री ने कहा कि सेब की अति सघन बागवानी से राज्य रोजगार के अवसरों में सृजन होगा और पर्वतीय क्षेत्रों से पलायन में कमी आयेगी। उन्होंने कहा कि भविष्य में इसी प्रकार से किसानों को समय–समय पर प्रशिक्षण दिलाया जाएगा।

स्थापना दिवस – भारतीय सैन्य अकादमी

भारतीय सैन्य अकादमी ने आज अपना 91वां स्थापना दिवस उत्साह और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया। स्थापना दिवस समारोह के हिस्से के रूप में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें नागरिक कर्मचारियों का अभिनंदन, और युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर, भारतीय सैन्य अकादमी के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल वीके मिश्रा ने सेवा और सिविलियन कर्मचारियों से अकादमी को और भी अधिक गौरव दिलाने के लिए समान उत्साह और तालमेल के साथ काम करने का आह्वान किया। आईएमए एक अक्टूबर 1932 को अस्तित्व में आया था और पिछले 90 वर्षों में, अकादमी की प्रशिक्षण क्षमता 40 से बढ़कर 1650 हो गई है। अब तक अकादमी से 64 हजार 8 सौ 62 जेंटलमैन कैडेट अधिकारी के रूप में उत्तीर्ण हुए हैं, जिनमें 34 मित्रवत विदेशी देशों के विदेशी जेंटलमैन कैडेट भी शामिल हैं।

आयुष्मान योजना

आयुष्मान योजना के तहत प्रदेश में अब तक नौ लाख से अधिक मरीजों ने अपना निःशुल्क उपचार करवाया है। राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉक्टर आनंद श्रीवास्तव ने बताया कि इस योजना पर सरकार ने अब तक करीब सत्रह सौ करोड़ की राशि खर्च की है। उन्होंने बताया कि उपचार कराने वाले लोगों और उनके तीमारदारों की तरफ से योजना को अच्छा फीडबैक मिल रहा है। डॉक्टर श्रीवास्तव ने बताया कि वर्तमान मे चल रहे आयुष्मान भव कार्यक्रम के राज्य में लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं।

विश्व आपदा प्रबन्धन सम्मेलन

देहरादून में 28 नवंबर से पहली दिसंबर तक वैश्विक आपदा प्रबन्धन सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। फिल्म अभिनेता अमिताभ बच्चन सम्मेलन के ब्रांड एंबेसडर होंगे। देहरादून में पत्रकारों से बताचीत में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बताया कि सम्मेलन में आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में देश और दुनिया के विशेषज्ञ हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि सम्मेलन से उत्तराखण्ड और अन्य हिमालयी क्षेत्रों की आपदा से जुड़ी चुनौतियों के समाधान के लिए विश्व स्तर पर किये जा रहे चिन्तन और प्रयासों को गति मिलेगी। श्री धामी ने बताया कि सम्मलेन से पहले राज्य भर में आपदा प्रबन्धन के विशेष सत्रों का आयोजन किया जाएगा। उन्हें कहा कि इस सम्मेलन का प्राथमिक उद्देश्य हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र और समुदायों पर ध्यान केंद्रित करते हुए जलवायु परिवर्तन और आपदा प्रतिरोध की चुनौतियों पर चर्चा करना और उनका समाधान करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सम्मेलन में उत्कृष्ट शोधपत्र और युवा शोधार्थियों और प्रतिभागियों को अलग–अलग श्रेणियों में पुरस्कृत भी किया जायेगा।

चारधाम यात्रा

मानसून समाप्त होने के साथ ही चारधाम यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी होने लगी है। बरसात के मौसम में हर दिन औसतन चारधाम में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या दो हजार के आसपास थी, जो अब बढ़कर पचास हजार के आसपास पहुंच गई है। इस बीच, केदारनाथ धाम में श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ने के चलते मंदिर समिति ने दर्शन का समय बढ़ा कर रात 11 बजे तक कर दिया है। बदरी–केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने बताया कि श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश पर भी रोक लगा दी गई है। उन्होंने बतया कि बीते चार दिनों में 65 हजार से अधिक श्रद्धालु केदारनाथ के दर्शन कर चुके हैं।

आयोजन

केन्द्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की ओर से पौड़ी जिले में मेरी माटी मेरा देश, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, स्वच्छता ही सेवा और गांधी जयन्ती पर आधारित दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में छात्रों के लिए चित्र प्रदर्शनी, गोष्ठी, भाषण, चित्रकला और निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। राजमती देवी इण्टर कालेज में आयोजित इन प्रतियोगिताओं में चार विद्यालयों के 120 से भी अधिक छात्र–छात्राओं ने हिस्सा लिया। साथ ही बाल विकास विभाग द्वारा मिलेट्स पर प्रदर्शनी लगायी गई और बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

'मेरी माटी मेरा देश'

चमोली जिले के देवाल विकास खंड के ब्लाकस्तरीय 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम के तहत मिट्टी को नमन वीरों का वंदन को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के 18 स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और शहीद के परिजनों को सम्मानित किया गया। ब्लॉक प्रमुख दर्शन सिंह दानू ने कहा कि गांव–गांव से आई मिट्टी और चावलों को कलश में दिल्ली भेजा जाएगा और वहां अमृत वाटिका बनाई जाएगी। उन्होंने हर गांव के पंचायत घर में शहीदों की फोटो चस्पा करने और विकासखंड कार्यालय में शहीद गैलरी बनाने का घोषणा की। उन्होंने कहा कि जिले में पूर्व सैनिकों के लिए विश्रामगृह बनाने का भी प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम के बाद स्कूल के बच्चों और महिला समूह की ओर से कलश यात्रा निकाली गई। उधर, पौड़ी जिले में केंद्रीय खेल एवं युवा मंत्रालय के तत्वावधान में नेहरू युवा केन्द्र ने मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत कलशयात्रा निकाली।

तैयारियां

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 12 अक्टूबर को प्रस्तावित पिथौरागढ़ दौरे को लेकर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी को प्रभारी की जिम्मेदारी दी है। इस संबंध में श्री जोशी आज व्यवस्थाओं की जांच के लिए पिथौरागढ़ पहुंचें और तैयारियों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओ का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियां समय पर सुनियोजित ढंग से करने के निर्देश दिए।

बैठक

अल्मोड़ा जिला विकास एवं निगरानी समिति की बैठक में सांसद अजय टम्टा ने केन्द्र सरकार की संचालित योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकांश विभागों की कार्यवाही पर संतोष जताया और धीमी प्रगति कर रहे विभागों को सभी योजनांए तय समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। श्री भट्ट ने कहा कि उनके क्षेत्र के अन्तर्गत केन्द्र सरकार और राज्य सरकार के जो भी काम हो रहे हैं, उनका सीधा लाभ आने वाले समय में आम जनता को मिलेगा।

संक्षिप्त समाचार–

- प्रदेश भर में आज 2 बजकर 52 मिनट पर भूकम्प के तेज झटके महसूस किये गये। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5 दशमलव 5 मापी गई। भूकंप से प्रदेश में किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार भूकंप का केंद्र नेपाल में था।
- कोटद्वार में उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद की ओर से 10 दिवसीय नेचर गाइड प्रशिक्षण शुरू हो गया है। इसमें पौड़ी के साथ ही अन्य जिलों के 30 से अधिक प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण ले रहे हैं।
- रुद्रपुर में हुई सातवीं सीनियर स्टेट बास्केटबॉल स्पर्धा में पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले में हरिद्वार ने देहरादून को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया। वहीं, महिला वर्ग के फाइनल में नैनीताल ने पिथौरागढ़ को हराकर जीत दर्ज की थी।
- चंपावत जिले के स्वाला के पास टनकपुर–चंपावत राष्ट्रीय राजमार्ग पर कल देर शाम एक वाहन के अनियंत्रित होकर गहरी में गिरने से उसमें सवार चालक की मृत्यु हो गई।
- प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में आज मौसम साफ बना रहा। मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून ने कहा है कि आने वाले दिनों में भी राज्य में मौसम साफ बना रहेगा।